# मिशन शिक्षण संवाद

## बत्तो रानी बड़ी सयानी




गीत
मंजरी

संकलन-

काव्यांजलि टीम,मिशन शिक्षण संवाद

# मिशन शिक्षण संवाद

## हरियाली से खुशहाली




### बच्चो कहती बात पते की...

चित्रांकन-

K.L. भास्कर

गीतकार-

R.K.शर्मा

हरियाली से खुशहाली है, आओ वृक्ष लगाएं हम।
ये धरती के अमर पुत्र हैं,इनसे जीवन पाएं हम।

देते हैं ये सुमन सुगन्धित,औषधि,अन्न प्रदाता है।
कंद,मूल,फल,ईंधन देते,ऑक्सीजन के दाता हैं।।

वर्षा लाते हैं धरती पर,हरे-भरे ये सुंदर वन।
ये धरती के अमर पुत्र हैं,इनसे जीवन पाएं हम।।

# मिशन शिक्षण संवाद




आसमान में बदली छायी,
देखो-देखो वर्षा ऋतु आयी


चित्रांकन
K.L.भास्कर

गीतकार-
पूजा सचान


जब-जब आये बरखा रानी।
छम-छम नाचे बत्तो रानी।।

चहुँ ओर हरियाली छा जाती।
जब-जब बरखा रानी आतीं।।

धरती पर फसलों की चादर।
पत्ते डोल रहे हैं सर-सर।।

जन-जन का यूँ मन हर्षाया।
जब बादल ने जल बरसाया।।

# मिशन शिक्षण संवाद




बत्तो रानी कहे पुकार,
शिक्षा है सबका अधिकार

चित्रांकन
K.L.भास्कर

गीतकार -
मन्जू शर्मा

स्कूल में मुझको जाना है।
जाकर के नाम लिखाना है।।

शिक्षा,संस्कार पाना है।
जीवन अनमोल बनाना है।।

बेटों की तरह मुझे बनना है।
अपने हक के लिए लड़ना है।।

शिक्षा ज्योति विमल धारा है।
इससे ही जग में उजियारा है॥

# मिशन शिक्षण संवाद




**आजादी का कुशल चितेरा।**
**अगस्त पन्द्रह वन्दन तेरा।।**

**चित्रांकन**
**K.L.भास्कर**

**गीतकार-**
**रीना**

**बत्तो रानी तिरंगा फहराए,**
**स्वतंत्रता दिवस जब आए।**

**झूम झूम कर खुशी मनाए,**
**आजादी के गाने वो गाए।**

**स्वतंत्रता सेनानी को शीश झुकाए,**
**बत्तो रानी खुशी में लड्डू खाए।**

# मिशन शिक्षण संवाद

शैलपुत्री बत्तो रानी

प्रथम शैलपुत्री महारानी
रूप धरे है बत्तो रानी



चित्रांकन
K.L.भास्कर

गीतकार -
प्रतिभा चौहान

माँ दुर्गा के नौ स्वरूप।
शैलपुत्री है प्रथम रूप।।

वृषभ पर होती है सवार।
माँ की महिमा अनंत अपार।।

घी का सुंदर दीपक जलाये।
बत्तो,माँ को नित ध्याये।।

# मिशन शिक्षण संवाद




चाहत है कुछ बनने की।
योजना बनाओ पढ़ने की।

चित्रांकन
K.L. भास्कर

गीतकार-
पूजा सचान

बत्तो रानी स्कूल चली हैं,
होंठों पर मुस्कान लिए।

मन में चाह है पढ़ने की,
ज्ञानार्जन का उत्साह लिए।

पढने की तुम अलख जगाओ,
जीवन अपना सफल बनाओ।

# मिशन शिक्षण संवाद

दूध पीयो, खूब फल खाओ.
सभी रोगों से मुक्ति पाओ.




## बत्तो कहती बात पते की...

चित्रांकन-

K.L. भास्कर

गीतकार-

R.K.शर्मा

दूध होता सम्पूर्ण आहार।
तंदुरुस्ती का यह आधार।।

विटामिन,खनिज लवण भंडार।
ताकत,ऊर्जा देय अपार।।

ऊर्जा शक्ति का भंडार।
सभी बीमारी देता मार।।

रोग भगाते,शक्ति बढ़ाते।
रोज एक फल,जो हैं खातें।।

नित्य करो इसका उपयोग।
स्वस्थ रखें,भागे सब रोग।।

दूध पियो,फल खाओ रोज।
आएगा चेहरे पे ओज।।

# मिशन शिक्षण संवाद

भाई बहिन का रिश्ता अनोखा
बत्तो भाई को देगी ना धोखा।




चित्रांकन
K.L.भास्कर

गीतकार
मन्जू शर्मा

आया रक्षाबंधन का त्योहार।
बत्तो के मन में खुशी अपार।।

प्रेम और स्नेह का बंधन।
भाई बहिन का ये पवित्र बंधन।।

बत्तो भाई के राखी बांधती।
तिलक लगा मुँह मीठा कराती।।

# मिशन शिक्षण संवाद




कुष्मांडा का रूप धर आई।
बत्तो सबकी करे भलाई।।

चित्रांकन
K.L. भास्कर

गीतकार-
गीता यादव

हो गयी देखो सिंह पे सवार ।
बत्तो रानी की महिमा अपार ॥

चतुर्थ रूप माता रानी का ।
अथाह समंदर सेवा भक्ति का ॥

चक्र धरे हैं एक हाथ में ।
माला रहती सदा साथ में ॥

# मिशन शिक्षण संवाद

दोस्त ने दोस्ती निभाई।
दोस्त हैं जीवन की परछाई।।




चित्रांकन
K.L.भास्कर

गीतकार-
पूजा सचान

दोस्त बड़े ही न्यारे हैं,
हमको लगते प्यारे हैं।

मुश्किलों में साथ हैं देते,
खुशियाँ देते,दुःख हर लेते।

जैसे हार में चमके हीरा,
दोस्त हैं जीने का सहारा।

# मिशन शिक्षण संवाद




**बेटियां हैं, जीवन का आधार**
**इनसे मिलती खुशियाँ अपार**

चित्रांकन
K.L.भास्कर

गीतकार-
R.K.शर्मा

बेटियाँ हैं शान हमारी,बेटियाँ अभिमान।
इन्हें मिलें उन्मुक्त गगन तो,ऊँची भरे उड़ान।।

ऊँची भरें उड़ान,देश का मान बढ़ावे।
दुर्गा,लक्ष्मी,सीता के ये रूप दिखावे।

इसके रुप अनेक बने लक्ष्मी महारानी।
बेटी को भी खूब पढ़ाओ,कहती है ये बत्तो रानी।।

# मिशन शिक्षण संवाद




**सर्व शिक्षा अभियान**
**पढ़ लिखकर सब बनें महान**

**चित्रांकन**
**K.L.भास्कर**

**गीतकार**
**मन्जू शर्मा**

**बत्तो रानी का यह कहना।**
**शिक्षा से दूर कभी ना रहना॥**

**अब हमसे ना हो ये भूल।**
**हर बच्चा जाये स्कूल॥**

**घर-घर खुशियाली लाना है।**
**जन-जन तक शिक्षा पहुंचाना है॥**

# मिशन शिक्षण संवाद

क्रिसमस का आया त्योहार।
बत्तो बांट रही उपहार।।




चित्रांकन
K.L.भास्कर

गीतकार-
गीता यादव

सैंटा की टोपी सैंटा के कपड़े ।
घण्टी ,पोटली,हाथ में पकड़े ॥

लेते गुब्बारे मिल गयी टॉफी ।
बच्चे अब खुश दिखते काफी ॥

बत्तो देती बस ये ज्ञान ।
सर्व धर्म का हो सम्मान ॥

# मिशन शिक्षण संवाद




माँ के जैसा कोई न दूजा
रोज करो माता की पूजा

चित्रांकन
K.L. भास्कर

गीतकार -
प्रतिभा चौहान

माँ दुर्गा का दूसरा स्वरुप।
ब्रह्मचारिणी है रूप अनूप।।

ले हाथ में रुद्राक्ष, कमंडल।
मन को करती सबके निर्मल।।

पंचामृत से करा माँ को स्नान।
बत्तो लगाएं नित माँ का ध्यान।।

# मिशन शिक्षण संवाद




**जन्माष्टमी की घड़ी सुहानी,**
**कृष्ण बन गयी बत्तो रानी**

चित्रांकन
K.L. भास्कर

गीतकार-
गीता यादव

देखो देखो जन्माष्टमी आयी ।
बत्तो रानी के मन को भायी ॥

धरा कृष्ण का रूप सलोना ।
माखन मिश्री खूब चट्कायी ॥

लगा माखन का ऐसा चस्का ।
बंशी की अब सुध ना आयी ॥

# मिशन शिक्षण संवाद




**काम स्वदेशी नाम स्वदेशी,**
**घर में रखो सामान स्वदेशी..**

## चित्रांकन
## K.L. भास्कर

## गीतकार-
## प्रतिभा चौहान

दीपावली पर दीप जलाएं।
चाइनीज झालर घर ना लाएं।।


स्वदेशी सामान का कर प्रयोग।
देश निर्माण में करें सहयोग।।

बत्तो रानी का यह सपना।
विकसित राष्ट्र हो अपना।।

आओ हम स्वदेशी अपनाएं।
बत्तो रानी रही समझाएं।।

# मिशन शिक्षण संवाद

योग करेंगे,निरोग रहेंगे
बत्तो की बात का मान रखेंगे




चित्रांकन
K.L.भास्कर

गीतकार -
मन्जू शर्मा

बत्तो करती योगाभ्यास।
बीमारी ना रहती पास।।

बच्चों को भी योग सिखाती।
स्वस्थ्य रहने के नियम बताती।।

आओ योग करें मिल साथ।
सबसे पहले जोड़ो हाथ।।

# मिशन शिक्षण संवाद

हैप्पी मकरसंक्रान्ति

बताइए मैं कौन हूँ????

आया मकर संक्रांति त्योहार
लाया खुशियाँ संग अपार




**चित्रांकन**
**K.L. भास्कर**

**गीतकार -**
**प्रतिभा चौहान**


देखो बत्तो की उड़ी पतंग।
आसमान में हवा के संग।।

छायी मस्ती,मन में उमंग।
बत्तो ने काटी सभी पतंग।।

तिल के लड्डू मन को भाये।
मिलकर सभी पर्व मनायें।।

# मिशन शिक्षण संवाद

दूसरों से तुम रहोगे आगे।
ध्यान लगाकर पढ़ो किताबें।।




चित्रांकन
K.L. भास्कर

गीतकार-
प्रतिभा चौहान

पुस्तकें राह हमें दिखाती।
संस्कृति का ज्ञान कराती।।

पुस्तकों में भरा है ज्ञान।
पढ़कर इन्हें पाओ सम्मान।।

पुस्तकें बनाती उज्ज्वल चरित्र।
बच्चो की है सच्ची मित्र।।



## चित्रांकन एवं संकल्पना-

कुसुमलता भास्कर [ कला अनुदेशक ]
UPS, प्रतापपुर, प्रयागराज

## इमेज निर्माण-

नवीन पोरवाल , औरैया

## काव्य रचना-

पूजा सचान, फर्रुखाबाद
गीता यादव, फतेहपुर
रीना, महराजगंज
मन्जू शर्मा, हाथरस
प्रतिभा चौहान, मुरादाबाद

## मार्गदर्शन एवं चित्र संयोजन-

राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

काव्यांजलि टीम, मिशन शिक्षण संवाद